<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–14 मई 2024</u> **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के लिये प्रदेश की तेरह संसदीय सीटों पर अट्ठावन दशमलव शून्य नौ प्रतिशत हुआ मतदान। खीरी में सबसे अधिक चौंसठ दशमलव सात तीन प्रतिशत और कानपुर में सबसे कम तिरपन दशमलव शून्य छः प्रतिशत हुआ मतदान।
- सातवें और आखिरी चरण के अन्तिम दिन आज भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दाखिल करेंगे नामांकन।
- लोकसभा चुनाव के लिये प्रदेश में प्रचार अभियान हुआ तेज। भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वाराणसी में किया रोड–शो। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रायबरेली तथा बसपा प्रमुख मायावती ने लखनऊ में जनसभा को किया संबोधित।
- केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड–सीबीएसई ने दसवीं और बारहवीं कक्षा के परिणाम किए घोषित। बेटियों ने मारी बाजी।

**********

लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में प्रदेश की तेरह सीटों– शाहजहांपुर, खीरी, धौरहरा, सीतापुर, हरदोई, मिश्रिख, उन्नाव, फर्रुखाबाद, इटावा, कन्नौज, कानपुर, अकबरपुर और बहराइच पर कल मतदान शांतिपूर्वक सम्पन्न हो गया। इस चरण में शाहजहांपुर के ददरौल विधानसभा उपचुनाव के लिये भी मतदान हुआ। तेरह लोकसभा सीटों समेत एक विधानसभा सीट के लिये मतदान सुबह सात बजे से शुरू होकर शाम छह बजे तक चला।

प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि शाम छह बजे तक अट्ठावन दशमलव शून्य नौ प्रतिशत मतदान हुआ। उन्होंने बताया कि सबसे अधिक खीरी में चौंसठ दशमलव सात तीन प्रतिशत और सबसे कम कानपुर में तिरपन दशमलव शून्य छः प्रतिशत मतदान हुआ। इसी तरह शाहजहांपुर में तिरपन दशमलव दो चार, धौरहरा में चौंसठ दशमलव चार पांच, सीतापुर में इकसठ दशमलव नौ एक और हरदोई में सत्तावन दशमलव पांच सात प्रतिशत मतदान हुआ। वहीं, मिश्रिख में पचपन दशमलव सात नौ, उन्नाव में पचपन दशमलव चार चार, फर्रुखाबाद में अट्ठावन दशमलव नौ सात, इटावा में छप्पन दशमलव तीन आठ, कन्नौज में इकसठ, अकबरपुर में सत्तावन दशमलव छः छः और बहराइच में सत्तावन दशमलव चार पांच प्रतिशत मतदान हुआ।

वहीं ददरौल विधानसभा उपचुनाव के लिये करीब तिरपन दशमलव तीन एक प्रतिशत मतदान हुआ।

**********

लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण के लिये आज प्रदेश की तेरह सीटों पर नामांकन का अन्तिम दिन है। आखिरी दिन वाराणसी से तीसरी बार भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नामांकन करेंगे। वहीं, महराजगंज लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी वीरेन्द्र चौधरी अपना पर्चा दाखिल करेंगे। इस दौरान कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे भी मौजूद रहेंगे।

***काशी के कोतवाल काल भैरव का आशीर्वाद लेने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज तीसरी बार वाराणसी संसदीय क्षेत्र से नामांकन दाखिल करेंगे. ये मौके भाजपा के लिए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की साझा ताकत तौर को प्रदर्शित करने का भी होगा। गठबंधन के सभी सहयोगियों के नेताओं साथ ही नामांकन में 12 बीजेपी शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों के शामिल होने की भी उम्मीद है. इस मौके पर कई केंद्रीय मंत्री, वरिष्ठ भाजपा नेता, उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री और सांसद भी मौजूद रहेंगे.***

***वहीं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे महाराजगंज लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी वीरेंद्र चौधरी के नामांकन में शामिल होंगे। सुशील चन्द्र तिवारी आकाशवाणी समाचार लखनऊ।***

नामांकन समाप्त होने के एक दिन पहले कल मिर्जापुर से एनडीए गठबंधन के अपना दल–सोनेलाल से अनुप्रिया पटेल और इंडी गठबंधन से सपा प्रत्याशी रमेश बिंद सहित आठ प्रत्याशियों ने नामांकन किया। बांसगांव लोकसभा सीट से बहुजन समाज पार्टी से रामसमुझ और निर्दलीय श्रवण कुमार निराला ने अपना पर्चा दाखिल किया। वहीं कुशीनगर सीट से बसपा प्रत्याशी शुभनारायण चौहान समेत पांच प्रत्याशियों ने अपना नामांकन दाखिल किया।

इस चरण के लिये अब तक एक सौ बारह से अधिक प्रत्याशी नामांकन दाखिल कर चुके हैं। इस चरण के लिए कल नामांकन पत्रों की जांच होगी। नामांकन वापसी की आखिरी तिथि सत्रह मई है। सातवें और आखिरी चरण में महराजगंज, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, बांसगांव, घोसी, सलेमपुर, बलिया, गाजीपुर, चंदौली, वाराणसी, मिर्जापुर, और राबर्ट्सगंज लोकसभा क्षेत्रों के लिए एक जून को मतदान होगा।

**********

लोकसभा चुनाव में अब बचे तीन चरणों के लिये चुनाव प्रचार में सभी राजनीतिक दलों ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। इसी क्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कल अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी में रोड–शो किया। इस दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहे। वहीं, श्री योगी ने कल बाराबंकी, रायबरेली और बांदा में भी पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभाओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि पिछले दस वर्षों में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हर तबके को बिना भेदभाव योजनाओं का लाभ दिया गया है। पिछले दस वर्षों में हमने बदलते भारत को देखा है, जिसने आतंकवाद पर काबू पाया है।

इसी तरह कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रायबरेली में जनसभा को संबोधित करते हुए दावा किया कि अगर इंडी गठबंधन की सरकार बनी तो गरीबों और किसानों के कर्ज माफ किए जाएंगे। उन्होंने लोगों से सोच समझकर वोट करने की अपील की। उन्होंने कहा कि आपके वोट से लोकतंत्र की रक्षा ही नहीं होगी बल्कि आपके परिवार की किस्मत भी बदलेगी।

राहुल गांधी ने वादा किया कि केंद्र में सरकार बनते ही एक वर्ष के अंदर युवाओं को पक्की नौकरियां दी जाएंगी। जनसभा के दौरान प्रियंका गांधी भी मौजूद रहीं। बसपा सुप्रीमो मायावती ने लखनऊ और मोहनलालगंज के प्रत्याशियों के समर्थन में लखनऊ में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भाजपा की कथनी और करनी में फर्क है। भाजपा की जुमलेबाजी और गारंटी इस चुनाव में काम नहीं आयेगी।

**********

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड–सीबीएसई ने कल दसवीं और बारहवीं कक्षा के परिणाम घोषित कर दिये। सीबीएसई ने एक बयान में कहा है कि बारहवीं में कुल सत्तासी दशमलव नौ–आठ प्रतिशत विद्यार्थी परीक्षा में उत्तीर्ण हुए हैं। यह प्रतिशत पिछले वर्ष की तुलना में शून्य दशमलव छह–पांच प्रतिशत अधिक है। दसवीं बोर्ड परीक्षा में कुल उत्तीर्ण प्रतिशत तिरानबे दशमलव छह–शून्य रहा। छात्राओं का उत्तीर्ण प्रतिशत चौरानबे दशमलव सात–पांच है, जबकि छात्रों का उत्तीर्ण प्रतिशत बानबे दशमलव सात–एक है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा है कि विद्यार्थियों की उपलब्धी और उनके अथक समर्पण पर उन्हें गर्व है। जो छात्र ये मानते हैं कि वे बारहवीं की परीक्षा में और अधिक हासिल कर सकते थे, वो ये याद रखें कि यह उनकी यात्रा में सिर्फ एक मील का पत्थर है। सभी विद्यर्थियों का भविष्य असीमित सम्भावनाओं से भरा है।

**********

लखनऊ में अंतरराष्ट्रीय टेनिस टूर्नामेंट आईटीएफ जूनियर तीस का कल शुभारम्भ हुआ। इस प्रतियोगिता में यूक्रेन और अमरीका समेत भारत के एक सौ पच्चीस अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। उद्घाटन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे एडीजी ट्रैफिक बी डी पालसन ने उत्तर प्रदेश टेनिस एसोसिएशन के प्रयासों की सराहना की। वहीं उत्तर प्रदेश टेनिस एसोसिएशन के सचिव पुनीत अग्रवाल ने कहा कि प्रदेश में टेनिस का कल्चर तेज़ी से बढ़ा है।

**********

प्रदेश के उपभोक्ताओं को बिजली के कनेक्शन की धरोहर राशि पर अब पहले से ज्यादा ब्याज मिलेगा। पिछले वर्ष जहां चार दशमलव दो पांच प्रतिशत ब्याज मिला था वहीं इस बार छः दशमलव सात पांच प्रतिशत ब्याज मिलेगा। राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष और सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने बताया कि उपभोक्ताओं को प्रत्येक वर्ष मिलने वाले ब्याज के सम्बन्ध में आदेश जारी कर दिया गया है। प्रदेश के तीन दशमलव तीन करोड़ उपभोक्ताओं को भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा पहली अप्रैल को तय ब्याज दर के अनुसार छः दशमलव सात पांच प्रतिशत की दर से ब्याज दिया जायेगा।

**********

भाजपा के वरिष्ठ नेता और बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी का कल रात निधन हो गया। बहत्तर वर्षीय श्री मोदी कैंसर से पीड़ित थे और अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में भर्ती थे। उनके निधन पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव सहित विभिन्न दलों के नेताओं ने शोक व्यक्त किया है।

**********